**आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय)
एनएएमएस बिल्डिंग, मेडिकल एन्क्लेव, अंसारी नगर, नई दिल्ली – 110029

विज्ञापन संख्या. A.12022/1/2023-Estt. दिनांक: 11.10.2023

# रिक्ति सूचना

महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| विज्ञापन जारी होने की तिथि | **21.09.2023** |
| ऑन-लाइन आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि | **10.10.2023** |
| ऑन-लाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **09.11.2023 (23:59 बजे तक)** |
| पात्रता निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण तिथि | **09.11.2023** |

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, जो आधुनिक चिकित्सा और संबद्ध स्पेशलिटी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च मानक वाले स्नातकोत्तर परीक्षाओं का संचालन करता है।

निम्नलिखित रिक्तियों को भरने हेतु भारतीय नागरिकों और भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: –

**A. रिक्ति का विवरण**: –

| **क्र० सं०** | **पद का नाम** | **ग्रुप** | **वेतन मैट्रिक्स स्तर** | **रिक्तियों की संख्या*** | **पात्रता शर्तें** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | **उप निदेशक (चिकित्सा)** | A | **स्तर** 11 | 7 | **आयु: 35 वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**<u>अनिवार्य</u>**:<br>1. भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम-**1956** के तहत अनुमोदित मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर चिकित्सा योग्यता।<br>**<u>वांछनीय</u>**:<br>चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी में कोई प्रशिक्षण और/या आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों में ज्ञान |

| क्र० सं० | पद का नाम | ग्रुप | वेतन मैट्रिक्स स्तर | रिक्तियों की संख्या* | पात्रता शर्तें |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | जिसमें एमसीक्यू तैयार करना, उम्मीदवारों के प्रदर्शन का एमईक्यू विश्लेषण आदि शामिल हैं। |
| 2. | **विधि अधिकारी** | A | **स्तर** 10 | 1 | **आयु: 35 वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**<u>अनिवार्य</u>**<br>a. न्यूनतम कुल 50% अंकों के साथ स्नातक सहित एलएलबी<br>b. बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकरण के बाद पेशे में कम से कम **3** वर्ष का अनुभव।<br>**<u>वांछनीय</u>**:<br>सरकारी/पीएसयू/स्वायत्त/सांविधिक निकायों में कानूनी मामलों को संभालने का अनुभव। |
| 3. | **कनिष्ठ प्रोग्रामर** | B | **स्तर** 7 | 6 | **आयु**: 27 **वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**<u>अनिवार्य</u>**:<br>बी.टेक./बीई/बीसीए/डीओईएससी ('बी' या 'सी' स्तर)/कंप्यूटर या समकक्ष में विशेषज्ञता के साथ कंप्यूटर विज्ञान/आईटी/इलेक्ट्रॉनिक्स में डिग्री। |
| 4. | **कनिष्ठ लेखाकार** | C | **स्तर** 4 | 3 | **आयु**: 27 **वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**<u>अनिवार्य</u>**<br>1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित या सांख्यिकी में स्नातक डिग्री या वाणिज्य में डिग्री।<br>2. एनबीईएमएस द्वारा निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करना।<br>**<u>वांछनीय</u>**:<br>1. कंप्यूटर आधारित लेखांकन के ज्ञान के साथ सरकारी संस्थानों आदि में लेखा कार्यों में तीन वर्ष का अनुभव। |

| क्र॰ सं॰ | पद का नाम | ग्रुप | वेतन मैट्रिक्स स्तर | रिक्तियों की संख्या* | पात्रता शर्तें |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | **आशुलिपिक** | C | **स्तर** 4 | 7 | **आयु**: 18-27 **वर्ष**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**<u>अनिवार्य</u>**<br>1. सीनियर सेकेंडरी (**12**वीं या **10+2)**<br>**अन्य योग्यताएं**:<br>1. आशुलिपि/टंकण में आशुलिपिक कौशल **80/30** शब्द प्रति मिनट<br>2. उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली सामान्य अंग्रेजी/आशुलिपि और टाइपराइटिंग परीक्षा में उपस्थित होना और उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा।<br>**<u>वांछनीय</u>**:<br>1. सरकारी/पीएसयू/स्वायत्त निकाय में आशुलिपिक के रूप में दो वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर पर कार्य प्रसंस्करण की क्षमता |
| 6. | **कनिष्ठ सहायक** | C | **स्तर** 2 | 24 | **आयु**: 27 **वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**<u>अनिवार्य</u>**<br>1. केंद्रीय/राज्य सरकार/केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन/शैक्षणिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से सीनियर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो।<br>2. कंप्यूटर और बेसिक सॉफ्टवेयर पैकेज जैसे विंडोज/नेटवर्क ऑपरेटिंग सिस्टम के उपयोग, लैन आर्किटेक्चर में कार्य करने में प्रवीणता।<br>3. एनबीईएमएस द्वारा निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करना। |

**ध्यान दें**: –

क) **रिक्तियों की संख्या बिना किसी पूर्व सूचना के बढ़ाई/घटाई/हटाई जा सकती है।**

ख) एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस के लिए वर्टिकल आरक्षण और पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिकों के लिए हॉरिजॉन्टल आरक्षण भारत सरकार के मौजूदा आदेशों के अनुसार लागू होगा।

ग) कुल मिलाकर, पोस्ट ग्रुप की कैडर क्षमता में बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए दो **(2)** रिक्तियां निर्धारित की गई हैं:

i) अंधापन और कमज़ोर दृष्टि;

ii) बधिर और सुनने में कठिनाई;

iii) सेरिब्रल पल्सी, ठीक हुए कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक से पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सहित लोकोमोटर विकलांगता;

iv) खंड (**i**) से (**iii**) के अंतर्गत बहरे-अंधत्व सहित व्यक्तियों में बहु-विकलांगताएं।

चूंकि पद (पदों) के लिए आवेदन पत्र भरते समय बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों को आरक्षण के रोस्टर में उचित श्रेणी अर्थात् एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/यूआर में रखा जाना है, इसलिए इस श्रेणी में आवेदन करने वाले सभी आवेदकों के लिए यह यह इंगित करना आवश्यक है कि क्या वे एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/यूआर, जैसा भी मामला हो, से संबंधित हैं।

घ) केवल ऐसे व्यक्ति ही शारीरिक रूप से विकलांग (पीएच) कोटा के अन्तर्गत आरक्षण के लिए पात्र होंगे जो कम से कम 40% (चालीस प्रतिशत) प्रासंगिक विकलांगता से पीड़ित हों। शारीरिक रूप से विकलांग कोटे के तहत आरक्षण के लाभ का दावा करने वाले आवेदकों को चयन प्राधिकरण द्वारा पूछे जाने पर प्रासंगिक नियमों के अनुसार सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। किसी भी व्यक्ति को संस्थान में तब तक भर्ती नहीं किया जाएगा जब तक कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छे स्वास्थ्य में न हो और अपने आधिकारिक कर्तव्यों के कुशल प्रदर्शन में बाधा डालने वाले किसी भी शारीरिक दोष से मुक्त न हो। सीधे भर्ती किए गए और संस्थान में नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से अनुमोदित उम्मीदवार को नियुक्ति प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट शारीरिक फिटनेस का एक चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ङ) यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि चयन के लिए मात्र ऐसे उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा जो कंप्यूटर ज्ञान/कौशल परीक्षण सहित परीक्षा के सभी चरणों में भाग लेते हैं और किसी भी उम्मीदवार को कोई छूट नहीं दी जाएगी।

च) स्क्राइब या प्रतिपूरक समय (परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट) की सुविधा केवल पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को अनुरोध पर दी जाएगी। उम्मीदवारों को स्क्राइब की व्यवस्था स्वयं करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि स्क्राइब की योग्यता परीक्षा के न्यूनतम योग्यता मानदंड से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवारों को जब भी अवश्यक होगा, परीक्षा के प्रत्येक चरण में भाग लेना होगा, अन्यथा उन्हें भर्ती परीक्षा से अयोग्य ठहराया जा सकता है।

***(विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 34-02/2015-डीडी-III दिनांक 29.08.2018 और DoPT, भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/02/2017-Estt (Res) दिनांक 25.03.2019 का संदर्भ लें।)***

**पदों का श्रेणी-वार विभाजन**: –

| *क्र० सं०* | *पद का नाम* | *ग्रुप* | *वेतन मैट्रिक्स स्तर* | *रिक्तियों की संख्या* | | ***आरक्षण*** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | *UR* | *OBC* | *SC* | *ST* | *EWS* | *हॉरिजॉन्टल आरक्षण* |
| 1. | *उप निदेशक (चिकित्सा)* | A | **स्तर** 11 | **7** | 05 | 01 | 01 | - | - | - |
| 2. | *विधि अधिकारी* | A | **स्तर** 10 | **1** | 01 | - | - | - | - | |
| 3. | *कनिष्ठ प्रोग्रामर* | B | **स्तर** 7 | **6** | 05 | 01 | - | - | - | |
| 4. | *कनिष्ठ लेखाकार* | C | **स्तर** 4 | **3*** | 03 | - | - | - | - | *ग्रुप 'सी' पदों में 'बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी)' और भूतपूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए क्रमशः **02** और **03** रिक्तियां निर्धारित की गई हैं। |
| 5. | *आशुलिपिक* | C | **स्तर** 4 | **7*** | 04 | 01 | - | 01 | 01 | |
| 6. | *कनिष्ठ सहायक* | C | **स्तर** 2 | **24*** | 13 | 05 | 01 | 03 | 02 | |
| | | | कुल | **48** | | | | | | |

**B. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता:-** आवेदक के पास ऑन-लाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक पृष्ठ 1 के पैरा A में उल्लिखित तालिका के कॉलम (6) में निर्धारित पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए।

**C. आयु सीमा:-** सीधी भर्ती के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए और ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को, पृष्ठ संख्या 1 के पैरा A में उल्लिखित तालिका के कॉलम 6 में निर्धारित आयु प्राप्त नहीं करनी चाहिए।

i) **आयु में छूट -** भारत सरकार के वर्तमान आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगी: –

| **क्र० सं०** | **श्रेणी** | **अधिकतम आयु सीमा से परे आयु में छूट अनुमन्य है** |
|---|---|---|
| 1. | एससी/एसटी | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 3 वर्ष |
| 3. | पीडब्ल्यूबीडी (यूआर) | 10 वर्ष |
| 4. | पीडब्ल्यूबीडी (ओबीसी) | 13 वर्ष |
| 5. | पीडब्ल्यूबीडी (एससी/एसटी) | 15 वर्ष |
| 6. | भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार वास्तविक आयु से |

| क्र० सं० | श्रेणी | अधिकतम आयु सीमा से परे आयु में छूट अनुमन्य है |
|---|---|---|
| | | प्रदान की गई सैन्य सेवा की कटौती के बाद 3 वर्ष। |
| 7. | भूतपूर्व सैनिक और कमीशंड अफसर जिनमें आपातकालीन कमीशन अधिकारी या शॉर्ट सर्विस कमीशंड अफसर शामिल हैं जिन्होंने कम से कम पांच साल की सैन्य सेवाएं प्रदान की हैं (केवल समूह 'ए' और 'बी' पद के लिए) | 5 वर्ष |
| 8. | रक्षा कार्मिक जो किसी विदेशी देश के साथ या किसी अशांत क्षेत्र में शत्रुता के दौरान ऑपरेशन में विकलांग हो गए और उसके परिणामस्वरूप सेवा से मुक्त कर दिए गए। | 3 वर्ष |
| 9. | रक्षा कार्मिक जो किसी विदेशी देश के साथ या किसी अशांत क्षेत्र में शत्रुता के दौरान ऑपरेशन में विकलांग हो गए और उसके परिणामस्वरूप सेवा से मुक्त कर दिए गए (एससी/एसटी)। | 8 वर्ष |
| 10. | ग्रुप ए और ग्रुप बी पदों के लिए केंद्र सरकार के नागरिक कर्मचारी | 5 वर्ष |

| ग्रुप 'सी' पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा में अतिरिक्त अनुमेय छूट | | |
|---|---|---|
| 11. | केंद्र सरकार के नागरिक कर्मचारी जिन्होंने आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। | 40 वर्ष की आयु तक |
| 12. | केंद्र सरकार के नागरिक कर्मचारी (एससी/एसटी) जिन्होंने आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। | 45 वर्ष की आयु तक |
| 13. | विधवा/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया हो। | 35 वर्ष की आयु तक |
| 14. | विधवा/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया हो (एससी/एसटी) | 40 वर्ष की आयु तक |

**D. चयन प्रक्रिया**: –

(i) उप निदेशक (चिकित्सा), विधि अधिकारी और कनिष्ठ प्रोग्रामर के पदों के लिए: **परीक्षा की योजना और पाठ्यक्रम शीघ्र ही एनबीईएमएस वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा।**

(ii) कनिष्ठ लेखाकार, आशुलिपिक और कनिष्ठ सहायक के पदों के लिए:

परीक्षा के दो चरण होंगे: –

चरण-I– चरण- **I** परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) होगी जिसमें अधिकतम **200** अंकों के **200** प्रश्न होंगे। इस वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा की अवधि **180** मिनट (तीन घंटे) होगी। सीबीटी में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **0.25** का ऋणात्मक अंकन होगा। न्यूनतम योग्यता अंक एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम के लिए **40%** और अन्य के लिए **50%** होंगे।

चरण- **I** – कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी): –

| *पद* | *पेपर का स्तर* |
|---|---|
| कनिष्ठ लेखाकार | स्नातक स्तर का सामान्य पेपर |
| आशुलिपिक | 10 +2 स्तर का पेपर |
| कनिष्ठ सहायक | 10 +2 स्तर का पेपर |

चरण-II– चरण- **II** परीक्षा (कंप्यूटर ज्ञान/कौशल परीक्षण) **100** अंकों की होगी और समय अवधि **75** मिनट होगी।

सीबीटी (चरण-**I)** के आधार पर तैयार योग्यता के क्रम में प्रत्येक श्रेणी में हर रिक्ति के समक्ष पांच उम्मीदवारों को कंप्यूटर ज्ञान/कौशल परीक्षा अर्थात् चरण-**II** में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा। चरण- **II** परीक्षा में पद की आवश्यकता के अनुसार डाटा एंट्री, वर्ड प्रोसेसिंग, कंप्यूटर ऑपरेशन, आशुलिपि आदि शामिल होंगे। अंतिम चयन के लिए पात्र होने के लिए चरण- **II** में प्राप्त किए जाने वाले न्यूनतम अंक एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/पूर्व-एसएम उम्मीदवारों के लिए **40%** और अन्य उम्मीदवारों के लिए **50%** होंगे।

कंप्यूटर ज्ञान/कौशल परीक्षण की अनुसूची प्रक्रिया के उचित क्रम में वेबसाइट www.natboard.edu.in पर अपलोड की जाएगी।

चरण-II– कंप्यूटर ज्ञान/कौशल परीक्षण: –

| पद | पेपर का स्तर |
|---|---|
| कनिष्ठ लेखाकार | अनुमोदित स्तर कौशल परीक्षण |
| आशुलिपिक | अनुमोदित स्तर कौशल परीक्षण |
| कनिष्ठ सहायक | अनुमोदित स्तर कौशल परीक्षण |

**ध्यान दें: ग्रुप बी और सी पदों हेतु चयन के लिए कोई साक्षात्कार आयोजित नहीं किया जाएगा।**

लिखित परीक्षा (चरण- I) के लिए पाठ्यक्रम इस प्रकार होगा: –

| भाग का नाम | अंक प्रति मद | मदों की संख्या |
|---|---|---|
| सामान्य बुद्धि एवं तर्क | 1 | 50 |
| सामान्य जागरूकता | 1 | 50 |

| | | |
|---|---|---|
| मात्रात्मक अभिक्षमता | 1 | 50 |
| अंग्रेजी ज्ञान: | 1 | 50 |
| कुल | 4 | 200 |

पेपर का स्तर परीक्षा के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप होगा। प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में होगा। उम्मीदवारों को परीक्षा के दोनों चरणों में उपस्थित होना अनिवार्य है। एनबीईएमएस चयन समिति को सीबीटी (चरण - **I)** और कंप्यूटर ज्ञान/कौशल परीक्षा (चरण - **II)** के लिए पेपर के किसी भी या सभी भागों में न्यूनतम योग्यता अंक तय करने का विवेक है। इस संबंध में एनबीईएमएस चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

**E. अंतिम मेधा सूची**: –

(i) उप निदेशक (चिकित्सा), विधि अधिकारी और कनिष्ठ प्रोग्रामर के पदों के लिए: **अंतिम मेधा सूची तैयार करने के मानदंड शीघ्र ही एनबीईएमएस वेबसाइट पर सूचित किए जाएंगे।**

(ii) कनिष्ठ लेखाकार, आशुलिपिक और कनिष्ठ सहायक के पदों के लिए:

पदों के लिए अंतिम मेधा सूची सीबीटी (चरण- I) और कंप्यूटर ज्ञान/कौशल परीक्षण (चरण- II) में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी जो उनकी स्थिति निर्धारित करेगी। यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं, तो अधिक आयु वाले उम्मीदवार को ऊपर रखा जाएगा। मेधा सूची/चयन सूची एक वर्ष की अवधि या अगले चयन तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगी।

**F. सामान्य अनुदेश: –**

i) एनबीईएमएस के पास बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या में बदलाव करने, परीक्षा प्रक्रिया को परिशोधित करने और न्यूनतम कट-ऑफ अंक तय करने का अधिकार सुरक्षित है। विज्ञापन में परिकलित और दर्शाई गई रिक्तियां परिवर्तन के अधीन हैं। परीक्षा में उम्मीदवारों को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना होगा।

ii) पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, गलत जानकारी के लिए जुर्माना, परीक्षा प्रक्रिया का तरीका, परीक्षा केंद्रों का आवंटन, पदों का चयन और आवंटन आदि से संबंधित सभी मामलों में एनबीईएमएस का निर्णय अंतिम होगा।

iii) परीक्षा का परिणाम केवल वेबसाइट www.natboard.edu.in पर प्रदर्शित किया जाएगा और परीक्षा के अगले चरण के संबंध में जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से एनबीईएमएस वेबसाइट देखें।

iv) यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं और/या उन्होंने किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया/घुमाया या काट-छाँट किया है, तो

उम्मीदवार को बिना कोई कारण बताए और सूचना दिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी और वे आपराधिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे।

v) सेवा में सीधी भर्ती के लिए किसी व्यक्ति का चरित्र ऐसा होना चाहिए जो उसे सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त बनाए। केंद्र सरकार या राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकरण या केंद्र सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाले सरकारी निगम द्वारा बर्खास्त किए गए व्यक्तियों को नियुक्ति के लिए अयोग्य माना जाएगा।

vi) किसी भी व्यक्ति को संस्थान में तब तक भर्ती नहीं किया जाएगा जब तक कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छे स्वास्थ्य में न हो और अपने आधिकारिक कर्तव्यों के कुशल प्रदर्शन में बाधा डालने वाले किसी भी शारीरिक दोष से मुक्त न हो। इससे पहले कि सीधे भर्ती किए गए उम्मीदवार को संस्थान में नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से अनुमोदित किया जाए, उसे मेडिकल परीक्षण करवाना होगा और नियुक्ति प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट शारीरिक फिटनेस का एक चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

vii) चयन के लिए आवश्यक सिफारिशों के अलावा लिखित या मौखिक किसी भी सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी उम्मीदवार की ओर से अन्य तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई भी प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित कर देगा।

viii) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही और पूरी जानकारी के साथ सावधानीपूर्वक भरना होगा। यदि कोई अधूरी या गलत जानकारी दी जाती है, तो इसके लिए उम्मीदवार जिम्मेदार होगा तथा गलत और अधूरी जानकारी के आधार पर चयन के किसी भी चरण में बिना कोई कारण/सूचना दिए आवेदन पत्र खारिज कर दिया जाएगा। कोई गलत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने या आवेदन पत्र में जाति के संबंध में गलत श्रेणी/उपश्रेणी का संकेत देने पर या किसी अन्य डिफ़ॉल्ट के मामले में, एनबीईएमएस चयन के किसी भी चरण में उम्मीदवारी को अस्वीकार कर देगा और सभी आवश्यक कार्रवाई करेगा।

ix) सभी उम्मीदवार जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सेवा या किसी केंद्रीय/राज्य सरकार के उपक्रम या केंद्र/राज्य सरकार द्वारा स्थापित और शासित किसी भी अन्य संगठन में कार्यरत हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा और साक्षात्कार/दस्तावेज़ सत्यापन के समय या जब भी आवश्यक हो, एनओसी प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर आगे की भर्ती प्रक्रिया के लिए उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

x) एक पुरुष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ जीवित हैं या एक महिला उम्मीदवार जिसने एक जीवित पत्नी वाले व्यक्ति से शादी की है, वह स्थापना में भर्ती के लिए पात्र नहीं होगा। बशर्ते

कि नियुक्ति प्राधिकरण, यदि संतुष्ट हो कि ऐसा करने के लिए कोई विशेष आधार हैं, तो किसी भी व्यक्ति को इस नियम के संचालन से छूट दे सकते हैं।

xi) उम्मीदवारों को भारत सरकार के अनुसार निर्धारित प्रोफार्मा पर आरक्षण, श्रेणियों और जाति का दावा करने के समर्थन में सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। भूतपूर्व सैनिक (ई.एस.एम.) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को अपना प्रमाणपत्र जमा करना होगा जिसमें सेवा में नामांकन/नियुक्ति की तारीख और सेवा से सेवानिवृत्ति/मुक्ति की तारीख का उल्लेख किया गया हो। भूतपूर्व सैनिक (ई.एस.एम.) उम्मीदवार को इस आशय का शपथ पत्र भी देना होगा कि उसने केंद्र/राज्य सरकार द्वारा स्थापित और संचालित किसी भी पद के लिए भूतपूर्व सैनिक (ई.एस.एम.) श्रेणी के तहत प्रदान किए गए आरक्षण का लाभ नहीं उठाया है। शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकरण/बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें शारीरिक विकलांगता 40% से कम नहीं होनी चाहिए।

xii) वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी उम्मीदवार को आरटीआई अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्रदान नहीं की जाएगी। वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी एक विशिष्ट अवधि के लिए रहेगी। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपलोड की गई जानकारी डाउनलोड करें और भविष्य के लिए अपने पास रखें। भर्ती परीक्षा के दौरान, प्रक्रिया के बीच में न तो सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत किसी भी आवेदन पर विचार किया जाएगा और न ही जानकारी प्रदान की जाएगी। आर.टी.आई. अधिनियम के अंतर्गत तथ्यात्मक जानकारी अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही प्रदान की जाएगी। अनुमानित (अनुमानात्मक) प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया जाएगा।

xiii) यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यदि किसी उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उम्मीदवार की पात्रता सत्यापित कर ली गई है। इससे उम्मीदवार को नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं मिल जाता। पात्रता को अंतिम रूप से संबंधित भर्ती एजेंसी/नियुक्ति प्राधिकरण द्वारा सत्यापित किया जाएगा। उम्मीदवार को आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता पूरी करनी चाहिए और यदि वह आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक दिए गए पात्रता मानदंडों के अनुसार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है, तो वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

xiv) झूठी, गलत या त्रुटिपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने पर परीक्षण परिणाम रद्द किया जा सकता है, प्रमाणपत्र जब्त किया जा सकता है और उचित मामलों में मुकदमा भी चलाया जा सकता है।

xv) भर्ती परीक्षा में उपस्थित सभी उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक, श्रेणीवार/उपश्रेणीवार कट ऑफ अंक के साथ अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के साथ-साथ श्रेणी/उप-श्रेणी वार अंतिम कट-ऑफ अंकों के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा क्योंकि इसे अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद उचित समय पर एनबीईएमएस द्वारा आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

xvi) परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फोन, पेजर, ब्लूटूथ या किसी अन्य संचार उपकरण की अनुमति नहीं है। इन निर्देशों का कोई भी उल्लंघन करने पर भविष्य की परीक्षाओं से प्रतिबंध सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

xvii) परीक्षा के दौरान किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना और अनुचित साधनों का उपयोग आवेदक की उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर देगा।

xviii) उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से योग्यता के आधार पर होगा। दलालों से सावधान रहें, जो अवैध तरीके से उम्मीदवार को चयनित कराने का वादा करते हैं।

**G. उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश**: –

i) परीक्षा में उम्मीदवारों का प्रवेश पूर्णतः अस्थायी है।

ii) उम्मीदवार को रिकॉर्ड और भविष्य के संदर्भ के लिए अपना पुष्टिकरण पृष्ठ अपने पास रखना चाहिए।

iii) उम्मीदवार को अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय अपना मोबाइल नंबर और वैध ई-मेल आईडी का उल्लेख करना चाहिए क्योंकि परीक्षा अलर्ट/एसएमएस उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर भेजे जाएंगे।

iv) आवेदन तभी स्वीकार किये जायेंगे जब शुल्क जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि तक बैंक में शुल्क जमा कर दिया जायेगा। यदि शुल्क जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि के बाद शुल्क बैंक में जमा किया जाता है, तो परीक्षा शुल्क का भुगतान न करने के आधार पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी खारिज कर दी जाएगी। एक बार बैंक में जमा किया गया शुल्क किसी भी हालत में उम्मीदवार को वापस नहीं किया जाएगा और इसे किसी भी तरह से समायोजित नहीं किया जाएगा।

v) 'ऑनलाइन आवेदन पत्र' के साथ प्रमाणपत्र/अंक तालिका की कोई हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। उम्मीदवारों को एनबीईएमएस द्वारा मांगे जाने पर सत्यापन के लिए पात्रता से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, अन्यथा उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

vi) जो उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें प्रत्येक श्रेणी के पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

vii) उम्मीदवार को आवेदन निर्धारित आवेदन फॉर्म पर करना होगा और पैरा 'H' में परीक्षा शुल्क तालिका में दिए अनुसार शुल्क का भुगतान करना होगा। उम्मीदवार को निर्धारित शुल्क ऑनलाइन मोड के माध्यम से जमा करना आवश्यक है।

viii) पुष्टिकरण पृष्ठ भेजने की आवश्यकता नहीं है। हालाँकि, उम्मीदवारों को पुष्टिकरण पृष्ठ, ऑनलाइन आवेदन पत्र, ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट और ऑन-लाइन आवेदन पत्र में अपलोड किए गए फोटो के समान कम से कम 05 रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ अपने पास रखने होंगे।

ix) उम्मीदवारों द्वारा किसी विशेष पद के लिए एकाधिक आवेदन प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में, सभी प्रकार से सही अंतिम आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और जमा किया गया शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

x) सीबीटी (वस्तुनिष्ठ प्रकार) चरण-I में सफल घोषित उम्मीदवारों को कंप्यूटर ज्ञान/कौशल परीक्षा (चरण-II) के लिए बुलाया जाएगा।

xi) परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार किसी भी प्रकार के टी.ए./डी.ए. के पात्र नहीं होंगे।

xii) परीक्षा में उपस्थित होने के दौरान उम्मीदवारों को होने वाली किसी भी हानि/चोट के लिए एनबीईएमएस जिम्मेदार नहीं होगा।

xiii) उम्मीदवार को आवेदन पत्र में हाई-स्कूल परीक्षा प्रमाणपत्र या समकक्ष परीक्षा प्रमाणपत्र के अनुसार अपना नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि का उल्लेख करना चाहिए। इसके परिवर्तन के लिए किसी भी आगामी अनुरोध पर विचार या अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के दौरान कठिनाइयों से बचने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली स्कैनिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए स्थान पर स्पष्ट और पहचान योग्य फोटोग्राफ के साथ-साथ सुपाठ्य हस्ताक्षर भी अपलोड करें।

xiv) उम्मीदवारों को अपने साथ कम से कम एक पहचान प्रमाण (फोटो-पहचान पत्र अर्थात् यू.आई.डी., सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड, फोटो युक्त बैंक की पासबुक की प्रतिलिपि) रखना आवश्यक है और केंद्र पर परीक्षा के समय मांगे जाने पर इसे प्रस्तुत किया जाएगा।

xv) परीक्षा/परीक्षा का स्थान, तारीख और समय अनुक्रमांक के साथ ई-प्रवेश पत्र के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

xvi) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट www.natboard.edu.in देखें।

xvii) उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले 'सामान्य अनुदेश', 'महत्वपूर्ण अनुदेश', 'महत्वपूर्ण नोट्स' और 'आवेदन कैसे करें' आदि पढ़ना आवश्यक है।

xviii) परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अनंतिम होगा।

xix) यदि उम्मीदवार के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू की गई है या एफ.आई.आर. दर्ज की गई है तो उम्मीदवार को विवरण देना होगा। तथ्यों को छुपाने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**H. परीक्षा शुल्क**: –

उम्मीदवारों को निम्नलिखित शुल्क का भुगतान करना होगा (गैर-वापसी योग्य)::

| शुल्क | श्रेणी | |
|---|---|---|
| | ***UR/OBC*** | ***SC/ST/PwBD/Women*** |
| सभी पदों के लिए | रु. 1500 + 18% जीएसटी | शून्य |

बैंक द्वारा बैंक प्रक्रिया एवं सेवा कर अतिरिक्त वसूला जाएगा।

शुल्क भुगतान के तरीके के लिए, "आवेदन कैसे करें" खंड देखें।

**I. परीक्षा की तिथि, समय और स्थान: -** उम्मीदवारों को परीक्षा की तिथि, समय और स्थान के बारे में भर्ती प्रक्रिया के दौरान आधिकारिक वेबसाइट (www.natboard.edu.in) पर अपलोड की गयी सूचना के साथ-साथ वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकने वाले ई-प्रवेश पत्र के माध्यम सेसूचित किया जाएगा।

**J. प्रवेश पत्र**: – उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट www.natboard.edu से डाउनलोड/प्रिंट कर सकते हैं और दिए गए केंद्र पर परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं। प्रवेश पत्र और पुष्टिकरण पृष्ठ पर दिये गए उम्मीदवार के विवरण या उसकी फोटोग्राफ और हस्ताक्षर में किसी भी विसंगति के मामले में उम्मीदवार आवश्यक सुधार के लिए तुरंत हेल्पलाइन से संपर्क कर सकता है।

**K. चरित्र**: – सेवा में सीधी भर्ती के लिए किसी व्यक्ति का चरित्र ऐसा होना चाहिए जो उसे सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त बनाए। ध्यान दें-केंद्र सरकार या राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकरण या केंद्र सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाले सरकारी निगम द्वारा बर्खास्त किए गए व्यक्तियों को नियुक्ति के लिए अयोग्य माना जाएगा।

**L. वैवाहिक स्थिति**: - एक पुरुष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ जीवित हैं या एक महिला उम्मीदवार जिसने एक जीवित पत्नी वाले व्यक्ति से शादी की है, वह स्थापना में भर्ती के लिए पात्र नहीं होगा। बशर्ते कि नियुक्ति प्राधिकरण, यदि संतुष्ट हो कि ऐसा करने के लिए कोई विशेष आधार हैं, तो किसी भी व्यक्ति को इस नियम के संचालन से छूट दे सकते हैं।

**M. शारीरिक फिटनेस**: - किसी भी व्यक्ति को संस्थान में तब तक भर्ती नहीं किया जाएगा जब तक कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छे स्वास्थ्य में न हो और अपने आधिकारिक कर्तव्यों के कुशल प्रदर्शन में बाधा डालने वाले किसी भी शारीरिक दोष से मुक्त न हो। इससे पहले कि सीधे भर्ती किए गए उम्मीदवार को संस्थान में नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से अनुमोदित किया जाए, उसे शारीरिक फिटनेस का एक चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**N. प्रश्न-पत्र की भाषा**:

सीबीटी (चरण- **I)** के लिए प्रश्न पत्र का माध्यम केवल अंग्रेजी और हिंदी होगा।

**O. आवेदन कैसे करें/शुल्क जमा करने की प्रक्रिया**: –

i) उम्मीदवार को दिनांक: **10.10.2023** को वेबसाइट www.natboard.edu.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले नीचे दिए गए अनुदेशों और विज्ञापन के साथ अपलोड किए गए सामान्य अनुदेशों को अवश्य पढ़ना चाहिए।

ii) किसी भी प्रकार की असुविधा या अंतिम समय की हड़बड़ी या अप्रत्याशित कठिनाइयों से बचने के लिए, उम्मीदवारों को अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है।

iii) उम्मीदवार भरे हुए फॉर्म का प्रिंट आउट ले लेंगे और भविष्य के संदर्भ के लिए उसे अपने पास रख लेंगे। उम्मीदवार को दस्तावेजों के सत्यापन के समय या पूछे जाने पर योग्यता और जाति श्रेणियों आदि के दावे के समर्थन में दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों के साथ आवेदन पत्र का प्रिंट-आउट प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के समय इन योग्यता दस्तावेजों की मूल प्रति प्रस्तुत करने में विफलता के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी स्वतः ही अस्वीकार कर दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के बाद उम्मीदवारी वापस लेने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**P. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु अनुदेश**: –

i) आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को केवल आधिकारिक वेबसाइट www.natboard.edu.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ii) ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले, सुविधा के लिए, उम्मीदवार को सीडी/डीवीडी/पेन ड्राइव में फोटोग्राफ के लिए 80 KB (अधिकतम) और हस्ताक्षर के लिए 50 KB (अधिकतम) फ़ाइल आकार के साथ केवल JPG/JPEG प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेजों की छवियों को स्कैन करना चाहिए।

iii) **अनिवार्य**: (a) हाल ही का रंगीन फोटोग्राफ (b) उम्मीदवार के हस्ताक्षर

iv) आपके ऑनलाइन आवेदन को अपलोड करने और अंतिम रूप से जमा करने के लिए सॉफ्ट कॉपी में उपरोक्त दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। आपके ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए एक वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

v) इस ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर को परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। एनबीईएमएस आपके आवेदन और परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी इस पंजीकृत ई मेल/मोबाइल नंबर पर भेजेगा।

vi) कृपया ध्यान दें कि जमा करने के बाद प्रत्येक चरण में ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित विवरण जिसमें उम्मीदवार का नाम, आवेदित पद, जाति, श्रेणी, जन्म तिथि, पता, ईमेल-आईडी और मोबाइल नंबर आदि शामिल हैं, को अंतिम माना जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवार आवेदन पत्र के किसी भी भाग को संपादित/हटा नहीं पाएंगे।

vii) भर्ती अधिसूचना/विज्ञापन के अनुसार उचित आवेदन शुल्क, आवश्यक दस्तावेजों और जानकारी के बिना प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। तथापि, एनबीईएमएस के पास प्रतिक्रिया, प्रशासनिक व्यवहार्यता, या किसी अप्रत्याशित घटना की स्थिति आदि के आधार पर किसी भी परीक्षा शहर, केंद्र को रद्द करने और/या कुछ अन्य शहरों/केंद्रों को जोड़ने का अधिकार है।

viii) इसलिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र अत्यंत सावधानी से भरें क्योंकि बाद में विवरण में परिवर्तन के संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**Q. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए महत्वपूर्ण चरणों का पालन करना होगा:–**

अनुदेश और महत्वपूर्ण लिंक आवेदन पत्र भरने में आपका मार्गदर्शन करेंगे। कृपया इन्हें ध्यान से पढ़ें और इनका पूरी तरह से पालन करें।

i) उम्मीदवारों को केवल वेबसाइट www.natboard.edu.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ii) उम्मीदवारों के पास एक वैध निजी ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान इसे सक्रिय रखा जाना चाहिए। यदि किसी उम्मीदवार के पास वैध निजी ई-मेल आईडी नहीं है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ई-मेल आईडी बनानी चाहिए।

iii) उम्मीदवारों को सबसे पहले एनबीईएमएस की वेबसाइट www.natboard.edu.in/ पर जाकर **"e-citizen/Tender -> Recruitment"** लिंक पर क्लिक करना होगा।

iv) उसे पात्रता, आयु मानदंड आदि जानने के लिए पहले रिक्ति अधिसूचना/विज्ञापन को अच्छी तरह से पढ़ना चाहिए।

v) उम्मीदवारों को पंजीकरण फॉर्म भरना होगा जिसमें उम्मीदवारों का मूल विवरण भरा जाएगा जिसके बाद लॉगिन आईडी और पासवर्ड पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। परिणाम घोषित होने तक उम्मीदवारों को इसे सुरक्षित रखना आवश्यक है।

vi) पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के बाद उम्मीदवार आवेदन पत्र पर जा सकता है और अपनी आयु, व्यक्तिगत विवरण और शैक्षिक योग्यता आदि से संबंधित सभी विवरण भर सकता है या आवेदन पत्र बाद में भरने के लिए एक्ज़िट करके फिर से लॉगिन कर सकता है।

vii) उम्मीदवारों को (a) हाल ही का रंगीन फोटोग्राफ (b) हस्ताक्षर की स्कैन की गई कॉपी अपलोड करनी होगी। इस स्कैन किए गए फोटोग्राफ का साइज 80Kb से कम और हस्ताक्षर का साइज 50Kb से कम होना चाहिए।

viii) सभी पदों के लिए परीक्षाएं एक साथ आयोजित की जा सकती हैं. वे सभी उम्मीदवार, जिन्होंने फॉर्म पूरा करके जमा कर दिया है, उन्हें आवेदन पत्र में दिए गए उनके विवरण के आधार पर अनंतिम रूप से परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी (जिसका मतलब जरूरी नहीं कि पात्रता है)। पात्रता के संबंध में संपूर्ण विवरण की जांच बाद में की जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर, यह पाया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी गलत/नकली/गलत व्याख्या/त्रुटिपूर्ण है या आवेदन किए गए पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती है, तो परीक्षा में उपस्थित होने के बाद भी उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी, इसके अलावा एनबीईएमएस द्वारा उचित समझी जाने वाली कोई भी कार्रवाई की जा सकती है।

**R. आवेदन/प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदु**: –

i) ऑनलाइन भुगतान: आवेदन/प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के एटीएम सह डेबिट कार्ड/किसी भी बैंक के क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से किसी भी बैंक/यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

ii) भुगतान के लिए उम्मीदवारों को पंजीकरण के समय जेनरेट की गयी लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके अपने आवेदन पत्र को लॉगिन करना होगा और लॉगिन के बाद भुगतान करें बटन पर क्लिक करना होगा।

iii) आवेदन/प्रसंस्करण शुल्क के अतिरिक्त बैंक शुल्क (बैंक मानदंडों के अनुसार लागू) उम्मीदवारों द्वारा वहन/भुगतान किया जाएगा।

iv) एक बार भुगतान किया गया आवेदन/प्रसंस्करण शुल्क न तो वापस किया जाएगा/हस्तांतरित किया जाएगा और न ही किसी अन्य भविष्य की चयन प्रक्रिया के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

v) आवेदन शुल्क के लिए डिमांड ड्राफ्ट, चेक, मनी ऑर्डर, पोस्टल ऑर्डर, पे ऑर्डर, बैंकर्स चेक, डाक टिकट आदि स्वीकार **नहीं** किए जाएंगे।

**S. महत्वपूर्ण नोट**: –

i) कृपया अपना आवेदन ध्यानपूर्वक भरें।

ii) ध्यान रखें कि आवेदन पत्र में बताए अनुसार सही दस्तावेज उचित जगह पर अपलोड करें।

iii) केवल नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ अपलोड किया जाए।

iv) महत्वपूर्ण तिथियों को नोट कर लें। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय की हड़बड़ी/जाम/नेटवर्क समस्याओं से बचने के लिए जल्दी आवेदन करें।

v) उम्मीदवारों को भविष्य में उपयोग के लिए उसी नवीनतम फोटोग्राफ की कम से कम **6** प्रतियाँ सुरक्षित रखनी चाहिए, जिसे उन्होंने आवेदन पत्र में अपलोड किया है।

vi) किसी भी विवाद का क्षेत्राधिकार दिल्ली में होगा।

vii) महत्वपूर्ण जानकारी और दिशानिर्देशों के लिए उम्मीदवारों को एनबीईएमएस वेबसाइट: **www.natboard.edu.in** के लगातार संपर्क में रहना चाहिए।

viii) एनबीईएमएस के पास अनजाने में हुई त्रुटि को सुधारने के लिए संशोधन/सुधार करने का अधिकार सुरक्षित है। हालांकि, उम्मीदवार द्वारा की गई त्रुटि के लिए एनबीईएमएस की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

ix) किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

x) परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन/संचार उपकरण/गैजेट्स, इलेक्ट्रॉनिक घड़ियां और कैलकुलेटर आदि की अनुमति नहीं है।

**ध्यान दें**: विभिन्न समाचार पत्रों आदि में प्रकाशित विज्ञापनों में किसी भी विसंगति के मामले में एनबीईएमएस वेबसाइट: www.natboard.edu.in पर अपलोड की गई सामग्री मान्य होगी। सभी चरण अनिवार्य हैं. यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यदि किसी उम्मीदवार को टेस्ट में उपस्थित होने की अनुमति दी गई है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उम्मीदवार की पात्रता सत्यापित कर ली गई है। इससे अभ्यर्थी को नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं मिल जाता है।

संबंधित भर्ती एजेंसी/नियुक्ति प्राधिकरण द्वारा पात्रता को अंतिम रूप से सत्यापित किया जाएगा। उम्मीदवार को आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता पूरी करनी चाहिए और यदि वह दिए गए पात्रता मानदंडों के अनुसार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है तो वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

झूठी, गलत या त्रुटिपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने पर परीक्षा परिणाम रद्द किया जा सकता है, प्रमाणपत्र जब्त किया जा सकता है और उचित मामलों में मुकदमा भी चलाया जा सकता है।
*हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों के बीच अस्पष्टता के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।*

| संपर्क करें | |
|---|---|
| आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली | हेल्पलाइन: 011-45593000<br>ईमेल: recruitment@natboard.edu.in<br>वेबसाइट: https://natboard.edu.in/recruitment |